हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

11 दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का हुआ पूजन...



12 महिला सम्मान के मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा का...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING
2 Years GNM Pass
GNM
3 Years 12th Any Stream
No Fees for S.C. Students
ANM
2 Years 12th Any Stream
No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING
4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



खबर संक्षेप



पंचायती झोटा चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

चरखी दादरी। गांव संतोखपुरा से डेढ़ लाख रुपये कीमत का पंचायती झोटा चोरी करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव मौड़ी निवासी सतीश उर्फ खड्डू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपित के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी व अन्य अपराधों के कुल 39 मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गत आठ अक्टूबर को गांव संतोखपुरा पंचायत के प्रतिनिधि प्रदीप ने सदर थाना दादरी में पंचायती झोटा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। रविवार को हेड कांस्टेबल संजय कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सतीश को रावलधी नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपित को चार दिन के रिमांड पर लिया है।

दादरी में नशे के ठिकानों पर पुलिस की दबिश



चरखी दादरी। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सोमवार को शहर के भगवान वाल्मीकि नगर, कबीर नगर और प्रोफेसर कॉलोनी में सर्च ऑपरेशन चलाया। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संबंधित क्षेत्रों में पहुंचकर संदिग्ध घरों, कमरों और सुनसान स्थानों की जांच की। इस दौरान अवैध नशीले पदार्थों और अन्य आपत्तिजनक सामग्री की तलाश की गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी या अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलती है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे। उन्होंने कहा पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

नगर परिषद ने शुरू किया मच्छर मारने के लिए अभियान

'फोगिंग' से कुंद किया जाएगा डेंगू मच्छर का 'डंक'वार्ड 11 और 12 में काम पूरा हुआ

बुखार और डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या अभी तक ज्यादा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब मच्छर जनित बीमारी नहीं फैलेंगी। बीमारी फैलाने वाले मच्छरों को मारने के लिए नगरपरिषद ने कमर कस ली है। बारिश का मौसम थमते ही नगरपरिषद ने शहर के अंदरूनी इलाकों में फोगिंग करवानी आरंभ कर दी है। हालांकि बुखार व डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या गिनती की है,लेकिन ऐहतियात के तौर पर नप ने सोमवार से इस अभियान की शुरूआत कर दी। शुरू में अंदरूनी शहर के सभी वार्डों में फोगिंग करवाई जाएगी। अभी वार्ड 11 व 12 में फोगिंग का कार्य मुक्कमल हो गया। उसके तत्काल बाद शहर की बाहरी रिहायशी कॉलोनियों में फोगिंग का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। फिलहाल नगरपरिषद ने शहर में फोगिंग के लिए दो मशीन संचालित कर रखी है,लेकिन अगर ज्यादा जरूरत पड़ी तो नगरपरिषद के पास पहले से रखी दो अन्य मशीनों को भी फोगिंग के लिए वार्डों में भेजा जाएगा। यहां यह बताते चले कि डेंगू मादा एडीज मच्छर के माटने से बनता है। यह मच्छर दिन के समय सुबह सूर्योदय के बाद तथा शाम को सूर्यास्त के आसपास काटता है। यह मच्छर कभी भी रात को नहीं काटता। खासकर उक्त मच्छर साफ पानी, रूके हुए पानी, गमले, टंकियों व टूटे फूटे बरतनों व पुराने टायरों में जमा पानी में अपने अंडे देती है।



भिवानी। शहर में फोगिंग करवाते नप कर्मचारी व पार्षद। फोटो : हरिभूमि

पूरे शहर में करवाई जाएगी फोगिंग: विकास

नगरपरिषद के सेंट्री इस्पेक्टर विकास देशवाल ने बताया कि शहर के सभी रिहायशी कॉलोनियों में फोगिंग करवाई जाएगी। इसके लिए अभियान शुरू कर दिया है। फिलहाल इस कार्य में दो फोगिंग मशीनें लगाई है। अगर जरूरत पड़ी तो दो अन्य और मशीनें लगाई जाएगी। ताकि पूरे शहर में इसी माह में फोगिंग का कार्य मुक्कमल हो सके। इस मामले में कोई ढिलाई व कोताही नहीं होगी।

दो मशीनों से करवाई जा रही है फोगिंग

नगरपरिषद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो दो मशीनों से फोगिंग करवाई जा रही है। उनमें से एक मशीन से तो वार्डों में फोगिंग करवाई जा रही है। दूसरी मशीन को उन इलाकों में भेजा जा रहा है। जहां पर डेंगू पॉजिटीव केस मिले है। इस बारे में नगरपरिषद स्वास्थ्य विभाग से लगातार तालमेल बैठा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सौंपी गई सूची के हिसाब से ही प्राथमिकता के आधार पर उन इलाकों में फोगिंग मशीन भेजी जा रही है। जहां पर एक दो डेंगू पॉजिटीव केस मिले है। सूचना मिलते ही नप के कर्मचारी वहां पर फोगिंग के लिए पहुंच रहे हैं। दूसरी जिस मशीन से रूटीन में फोगिंग की जा रही है। फिलहाल शहर के वार्ड संख्या 11 व 12 में फोगिंग का कार्य मुक्कमल हो गया। इसके अगले वार्डों में फोगिंग होगी।

इमलोटा व छपार पीएचसी को मिले डॉक्टर, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

■ करीब आठ हजार ग्रामीणों को नजदीक ही चिकित्सकीय परामर्श मिल सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इमलोटा और छपार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की है। लंबे समय से चिकित्सकों के पद रिक्त होने के कारण इन क्षेत्रों के लोगों को उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था।

अब नियुक्तियों से आसपास के करीब आठ हजार ग्रामीणों को अपने नजदीक ही चिकित्सकीय परामर्श और प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दादरी सिविल अस्पताल से जुड़े हैं, यहां डॉक्टरों की कमी के कारण ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए भी दादरी स्थित सिविल अस्पताल या निजी अस्पतालों तक जाना पड़ता था। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने में समय गंवाने के साथ अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता था।



ग्रामीण लंबे से समय से करे थे नियुक्ति की मांग

ग्रामीण लंबे समय से इन केंद्रों पर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग कर रहे थे। इमलोटा और छपार पीएचसी में चिकित्सा अधिकारियों की उपलब्धता से बुखार, खांसी, जुकाम और मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सकेगा। इससे ग्रामीण परिवारों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में मरीज की प्रारंभिक जांच कर उसे जरूरत के अनुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्र या सिविल अस्पताल रेफर किया जा सकेगा। इससे मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। दोनों पीएचसी में डॉक्टरों की नियुक्ति को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. सुमन तंवर ने बताया कि इमलोटा और छपार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में खाली पदों को भरने के लिए चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को नजदीक ही उपचार और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिल सकेगी।

बीकानेर डीआरएम ने लोहारू जंक्शन के नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया

■ जंक्शन पर रेलगाड़ी आने से पहले शुरू होंगे कोच इंडीगेटर, अन्यथा होगी कार्रवाई : डीआरएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

बीकानेर रेलवे मंडल के डीआरएम गौरव गोविल अपने प्रशासनिक अमले और निजी रेल यान के साथ लोहारू जंक्शन पहुंचे। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत लोहारू जंक्शन पर चल रहे नवीनीकरण और आधुनिकीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बारीकी से जांच की और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को वर्तमान में मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं उन्होंने कहा कि कोचं इंडीगेटर यदि रेलगाड़ी आने से पहले चालू नहीं हुए तो संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई।

बता दें कि डीआरएम गौरव गोविल अपने रेलवे अधिकारियों के अमले और अपने निजी रेल वाहन के साथ सुबह लोहारू पहुंचे थे और महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लोहारू व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने डीआरएम गौरव गोविल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी, सचिव संजय खंडेलवाल और पूर्व प्रधान रतनलाल अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की प्रमुख रेलवे मांगों को प्रमुखता से रखा। लोगों ने डीआरएम के समक्ष लोको कॉलोनी को जोड़ने वाले क्षेत्र में एक नए फुट ओवरब्रिज और ओवरब्रिज के निर्माण, रेलवे स्टेशन के सामने महात्मा गांधी पार्क का रास्ता खोलने की मांग रखी। जिस पर उन्होंने कहा कि सूरजगढ रोड पर पुराने रेलवे फाटक सीमा में अंडर पास बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। रेलवे स्टेशन की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए डीआरएम गौरव गोविल ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत करीब 15 से 20 करोड़ रुपये के बजट से लोहारू जंक्शन का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत एक अत्याधुनिक नए रेलवे स्टेशन भवन का निर्माण किया जाएगा और रेल यात्रियों की सुविधाओं में अभूतपूर्व इजाफा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना में 12 मीटर का आरयूबी भी प्रस्तावित है।



भिवानी। लोहारू पहुंचे बीकानेर डीआरएम गौरव गोविल को मांगपत्र देते हुए लोहारू व्यापार मंडल के सदस्य।

तिगड़ाना में 95 फीसदी से अधिक अंक लेने वाली बेटियां की सम्मानित

प्रतिभावान बेटी काजल और पिंकी को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। संत गुरु रविदास भवन तिगड़ाना के लाइब्रेरी हाल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर युवा एकता समिति तिगड़ाना व संत गुरु रविदास समाज विकास समिति तिगड़ाना द्वारा बारहवीं कक्षा में 95% से ज्यादा अंक प्राप्त करने पर काजल पुत्री चंद्रपाल वह पिंकी पुत्री राजकुमार दहिया को दोनों समितियां द्वारा स्मृति चिह्न वह मालाओं द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा गांव के अनेक सदस्यों ने दोनों बेटियों का सम्मान किया। सम्मानित करने वालों में स्कूल स्टाफ, पंकज शेखावत, चांद सिंह, दीपा प्रधान, पिंकू पीटीआई, अजय दहिया, हेड मास्टर सतीश दहिया, भोमराज जैलदार, भारत तिगराना, कर्मवीर दहिया, विनोद दहिया, सुरेंद्र फोटोग्राफर, सोनू प्रधान ,मास्टर संतलाल ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया व अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजक कमेटी के प्रधान सतवीर नाफरिया, राज सिंह ठेकेदार, संदीप कटारिया, पवन फायरमैन, पूर्व प्रधान सतबीर दहिया, डॉ उपेश,विनोद दहिया, सुरेंद्र फोटोग्राफर, प्रो धर्मेंद्र दहिया, गुरु रविदास समाज विकास समिति के प्रधान थानेदार राजेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, शिवकुमार, सोनू प्रधान, सचिन जांगड़ा, सुनील मेंबर, दीपक हवलदार ईश्वर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं तथा बच्चे मौजूद रहे।

यूजीसी के नए कानून के विरोध में भिवानी में किया प्रदर्शन

तोशाम। यूजीसी के नए नियम को वापिस लेने के विरोध में भिवानी में सोमवार को हुए विरोध-प्रदर्शन में तोशाम से विभिन्न व्यक्ति शामिल हुए। जिसको लेकर सोमवार सुबह दर्जनों व्यक्ति तोशाम से गाड़ियों में सवार होकर भिवानी के लिए रवाना हुए तथा विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान भगवान परशुराम जनसेवा समिति तोशाम के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यूजीसी का नया नियम समाज में भाईचारे को ठेस पहुंचाने वाला है। सरकार को इस पर पुनः विचार करके इसे वापिस लेना चाहिए जिससे समाज में समरसत बनी रहे। इसी कानून के विरोध में भिवानी में होने वाले विरोध-प्रदर्शन में सोमवार को तोशाम से दर्जनों व्यक्ति शामिल हुए हैं।

यूजीसी का नया नियम समाज में भाईचारे को ठेस पहुंचाने वाला:सुनील

प्रदर्शन में ये हुए शामिल

इस दौरान अशोक अत्री, रघबीर प्रसाद कौशिक, सुरेश शर्मा ढाणी रिवासा, कमल शर्मा, शुभम शर्मा, भगवान परशुराम जनसेवा समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, राजेश भारद्वाज, जनक गौड़, पवन अत्री आदि सहित अनेक व्यक्ति तोशाम से भिवानी रवाना हुए।

'चलो हाथ से हाथ' मिलाएं- अपनी 'नहरों को स्वच्छ बनाएं'

नहरों या तालाबों में हवन सामग्री ना डालें

■ सिंचाई विभाग ने सेवा संकल्प के तहत चलाया जुई नहर पुल पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सिंचाई विभाग से यमुना जल सेवा मंडल ने पानी शुद्धता को लेकर हांसी रोड पर जुई नहर और गांव दिनोद में बाबा धूणी वाला तालाब पर स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आमजन से आह्वान किया कि वे आस्था के नाम पर नहरों या तालाबों में हवन सामग्री ना डालें, इससे पानी दूषित होता है, जो बीमारियों का कारण बनता है।

वहीं दूसरी ओर विभाग ने पुजारियों से भी अपील करते हुए कहा है कि वे नागरिकों को हवन या पूजा-पाठ सामग्री को नहर में प्रवाहित करने की सलाह देने की बजाय पेड़-पौधों में खाद के रूप में डालने की सलाह दें। सिंचाई विभाग ने जागरूकता नारा दिया है कि चलो हाथ से हाथ मिलाएं- अपनी नहरों को स्वच्छ बनाएं। डीसी के आदेशों के चलते सिंचाई विभाग के एसई दिनेश राठी की अगुवाई में हांसी रोड पर जुई नहर पुल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंचाई विभाग ने पुल पर चार फीट ऊंचा जाल भी लगाया गया है, ताकि लोग नहर में कोई कचरा आदि ना डाल सकें। इस दौरान एसई श्री राठी के अलावा विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल, राहुल चहल, अश्विनी कुमार व राहुल छिल्लर और एसडीओ अंकुश गोयल ने लोगों को नहर में हवन, पूजा-पाठ सामग्री के साथ साथ अन्य किसी का कचरा ना डालने की अपील की। विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांव दिनोद में बाबा धूणी वाला तालाब पर स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों ने तालाब परिसर से पॉलीथीन व कचरे की सफाई की। विभाग ने ग्रामीणों से तालाबों में गंदगी, कूड़ा-कचरा ना डालने की अपील की। वहीं दूसरी ओर विभाग ने सिवानी में सिवानी कैनाल पर जागरूकता अभियान चलाया।



पंडितों व पुजारियों को मुहिम से जोड़ा जाएगा

अधीक्षक अभियंता दिनेश राठी ने कहा कि अभियान के तहत भिवानी सिंचाई विभाग ने पंडितों और पुजारियों को भी इस मुहिम से जोडने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में ग्रामीण स्तर के पुजारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं, ताकि वे श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री जलस्रोतों में न बहाने के लिए प्रेरित कर सकें। इसके अलावा, गणेश विसर्जन जैसी धार्मिक गतिविधियों के दौरान रासायनिक रंगों से नहरों को दूषित होने से बचाने के लिए अलग से तालाब या निश्चित क्षेत्र तय किए जा रहे हैं, ताकि नहरों के स्वच्छ पानी को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की पहली प्राथमिकता लोगों को समझाकर जागरूक करने की है। उन्होंने चिंता जताई कि वर्षों पुरानी परंपरा के चलते लोग हवन सामग्री व अन्य पूजन सामग्री को पॉलिथीन में बांधकर सीधे नहरों में बहा देते हैं, जिससे पानी दूषित होता है।

लोहारू चौक पर आधी रात को पुलिस ने की नाकाबंदी, 104 वाहन जांचे

■ 22 वाहन चालकों के चालान, अपराध और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले में अपराधियों, नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दादरी पुलिस ने बीती मध्य रात्रि को शहर के लोहारू चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 104 वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहन चालकों के चालान किए। इंस्पेक्टर पदम सिंह की अगुवाई में 16 पुलिसकर्मियों की टीम पूरी रात नाकाबंदी पर तैनात रही।

पुलिसकर्मियों ने नाके से गुजरने वाले वाहनों को रुकवाकर उनकी गहन जांच की और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। जांच के दौरान वाहनों की डिक्की, सामान रखने के स्थानों और अन्य संदिग्ध हिस्सों को मेटल डिटेक्टर व टॉर्च की सहायता से खंगाला गया। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई। डीएसपी जसपाल सिंह ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक संदिग्ध वाहन की नियमानुसार जांच की जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए। पुलिस ने देर रात यात्रा करने वाले लोगों से पहचान पत्र, वाहन की वैध आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने की अपील की है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस का सहयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।



छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

10

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है।

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. आस्था शर्मा
सीनियर डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं नौ दिनों का व्रत रखती हैं। लेकिन व्रत पूरे करने के बाद डाइट में अचानक बदलाव करने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। ऐसे में धीर-धीरे नॉर्मल डाइट में वापसी करनी चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

व्रत के बाद न बरतें लापरवाही ऐसे करें नॉर्मल डाइट में वापसी



नवरात्र व्रत के दौरान कई महिलाएं नौ दिनों तक फलाहार या सीमित आहार का पालन करती हैं। इन दिनों आप भी ऐसा कर रही होंगी। लेकिन व्रत खत्म होने के बाद अचानक भारी, तला-भुना और ज्यादा मीठा खाना शुरू कर देना, शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे गैस, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी, थकान और ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में व्रत के बाद शरीर को किसी 'क्रैश डिटॉक्स' की नहीं, बल्कि संतुलित और धीरे-धीरे सामान्य डाइट में लौटने की जरूरत होती है। व्रत के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के नाम पर जूस डाइट, केवल फल खाने या लंबे समय तक खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। व्रत के बाद सबसे जरूरी है कि हम शरीर को पर्याप्त पानी, प्रोटीन, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स दें और सामान्य डाइट में धीरे-धीरे वापस आएं।

व्रत के बाद डाइट प्लानिंग: व्रत खोलने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा खाना खाने से बचें। शुरुआत हल्के और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। खिचड़ी, दही, चावल, मूंग दाल, सब्जियां, सूप या हल्का घर का बना भोजन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। अगले कुछ दिनों में सामान्य संतुलित डाइट को धीरे-धीरे अपने रूटीन में शामिल किया जा सकता है।



लें प्रोटीन रिच डाइट: अगर व्रत के दौरान प्रोटीन का सेवन कम रहा है, तो व्रत के बाद इसकी भरपाई करना जरूरी है। डाइट में दाल, पनीर, दही, दूध, सोया, चना और अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल करें। पर्याप्त प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पानी और फाइबर बढ़ाएं: व्रत के दौरान पानी और फाइबर का सेवन कम होने से कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और धीरे-धीरे सलाद, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें। फाइबर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ाने के बजाय इसकी मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाना बेहतर है।

इन फूड्स से बनाएं दूरी: व्रत खत्म होते ही मिठाइयां, तली-भुनी चीजें, नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा मसालेदार भोजन और शुगर युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें। लंबे समय तक कम कैलोरी लेने के बाद अचानक बहुत ज्यादा कैलोरी लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

सबसे इफेक्टिव है बैलेंस डाइट: व्रत के दौरान कम खाने और व्रत खत्म होने के बाद ज्यादा खाने, दोनों से बचना चाहिए। अपनी मील प्लेट में प्रोटीन, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा का संतुलन रखें। शरीर को सामान्य रुटीन में लौटने के लिए जल्दबाजी न करें। यदि लगातार कमजोरी, चक्कर, उल्टी, गंभीर पेट की समस्या हो या फिर ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता हो, तो डॉक्टर या डायटीशियन की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

डिटॉक्स के लिए क्या करें: डिटॉक्स के लिए महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स या सप्लीमेंट्स जरूरी नही हैं। पर्याप्त पानी, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और रोजाना शारीरिक गतिविधि ही शरीर को रिकवर करने के लिए पर्याप्त आधार देती है। व्रत के बाद रोजाना 20-30 मिनट की हल्की वॉक से शुरुआत की जा सकती है। यदि आप नियमित व्यायाम करती हैं, तो धीरे-धीरे अपनी सामान्य एक्सरसाइज रुटीन में लौट सकती हैं।


प्रस्तुतिः निशि

मेकअप

निधि गोयल

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।



वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।







नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।

गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी।

खबर संक्षेप

स्लम बस्ती में शिक्षा के प्रति किया जागरूक

भिवानी। रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवी बाई आश्रम की ओर से स्लम में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना र। अभियान के दौरान बस्ती में पहुंचे आश्रम के प्रधान आशु कामरा व संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों से सीधा संवाद किया। प्रधान आशु ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने एवं गरीबी को मिटाने के लिए पढ़ाई ही सबसे बड़ा माध्यम है। जब गरीब एवं जरूरतमंद बच्चा पढ़ेगा और देश का युवा आगे बढ़ेगा, तभी हमारे देश का वास्तविक विकास होगा।

निपुण हरियाणा प्रशिक्षण का हुआ आगाज

बवानीखेड़ा। वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि में निपुण हरियाणा मिशन के तहत छह दिवसीय एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल ने पहुंचकर प्रशिक्षण व्यवस्था और गतिविधियों का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में जेबीटी शिक्षकों के अलग-अलग बैच बनाकर उन्हें बुनियादी शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर (एमटी) के रूप में सत्यवान, बबीता और अंजू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तप, त्याग एवं संयम की देवी है मां ब्रह्मचारिणी

दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का हुआ पूजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों को ज्ञान, वैराग्य एवं सिद्धि की प्राप्ति होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। भोजावाली देवी माता के दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।



चरखीदादरी। कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को देवी मंदिरों में आस्था एवं भक्ति का सैलाब उमड़ा। मंदिरों में सुबह से ही मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लग गई। पूरे शहर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को तप, त्याग और संयम की देवी माना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों को ज्ञान, वैराग्य एवं सिद्धि की प्राप्ति होती है। शहर के नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर, जीतूवाला फाटक पार दुर्गा कॉलोनी में मां दुर्गा मंदिर, सब्जी मंडी में मां भगवती मंदिर, विद्या नगर में माता मंदिर, कृष्णा कॉलोनी माता मंदिर, हनुमान ढाणी माता मंदिर, खाखी बाबा देवी मंदिर सहित अनेक मंदिरों में पट खुलते ही अलसुबह 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। पुजारियों ने विधि-विधान से मां का श्रृंगार कर आरती की। मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे सुबह मंगल आरती के बाद श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। महिलाओं ने मां को चुनरी, नारियल, फल और श्रृंगार का सामान अर्पित किया और ज्योत प्रज्ज्वलित कर मत्था टेका। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां ब्रह्मचारिणी की कथा सुनी। पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन का विशेष महत्व है, इस दिन मां ब्रह्मचारिणी की उपासना से मन में संयम एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। वहीं सुरक्षा दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। वहीं मंदिर प्रबंधन ने भक्तों के लिए प्रसाद एवं जलपान की भी व्यवस्था की। वहीं गांव देवसर स्थित मां भवानी मंदिर में मां भवानी के दर्शनों के लिए मंदिर में बहुत ज्यादा भीड़ रही।

गोसेवा का लिया संकल्प

चरखी दादरी। श्री कृष्ण सेवा दल के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व पर श्री कृष्णा गोशाला स्थित नवनिर्मित भैरामदास सत्संग सभागार में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पानीपत में कार्यरत एडीजे हिमांशु शर्मा ने अपने पिता रविंद्र शर्मा व परिवार के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। पंडित रोहित पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हिमांशु शर्मा, सुधांशु शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, चेतन शर्मा, प्रियंका शर्मा, कल्पना शर्मा और अंबिका शर्मा से पूजन करवाया। इस दौरान परिवार ने गोसेवा का संकल्प लिया। पंडित रोहित ने मां ब्रह्मचारिणी की महिमा बताते हुए कहा कि उनका स्वरूप तप, त्याग, संयम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। पूजन के बाद एडीजे हिमांशु शर्मा ने परिवार सहित गौमाता को हरा चारा और मीठा दलिया खिलाकर सेवा की। इस अवसर पर श्री कृष्ण सेवा दल के महासचिव रामफल शर्मा ने हिमांशु शर्मा और रविंद्र शर्मा को स्मृति चिह्न व लोई भेंट कर सम्मानित किया। रामफल शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के दौरान दल की ओर से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना श्रद्धा के साथ करवाई जा रही है। कार्यक्रम में प्रधान शिवकुमार गर्ग, पंडित रोहतास पुजारी, डॉ. भीष्म शर्मा, प्रवीण शर्मा, अमित शास्त्री और रामावतार मैनेजर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



लोहारू। रामलीला का शुभारंभ करते हुए एसडीएम मनोज दलाल व डीएसपी संजीव।

लोहारू में रामलीला मंचन का शुभारंभ

लोहारू। शहर के आदर्श रामलीला मैदान में 11 अक्टूबर से शुरू हुए 53वें भव्य रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ रविवार को किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने शिरकत की, जबकि डीएसपी संजीव कुमार, नपा चेयरमैन प्रदीप तायल, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आदर्श रामलीला समिति प्रधान संतलाल सैनी, सचिव पवन शर्मा, कैलाश जिंदल और प्रवीण जोशी ने अतिथियों को सम्मानित किया। वहीं विधिवत पूजा अर्चना के बाद रामलीला मंचन शुरू किया गया। प्रथम दिन नारद मोह प्रकरण का मंचन किया। मुख्य अतिथि एसडीएम मनोज दलाल ने भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।



धनुष यज्ञ व सीता स्वयंवर का किया मंचन

चरखी दादरी। दादरी के हीरा चौक के समीप स्थित रामलीला रंगमंच पर श्री रामलीला कमेटी की ओर से बीती रात धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर लीला का मंचन किया गया। मंचन में राजा जनक की ओर से मुनि विश्वामित्र को सीता स्वयंवर का निमंत्रण भेजने, मुनि के श्रीराम और लक्ष्मण के साथ स्वयंवर सभा में पहुंचने तथा रावण-बाणासुर संवाद के प्रसंग प्रस्तुत किए। स्वयंवर में उपस्थित राजा भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। रावण भी धनुष को तोड़े बिना लौट गया। इसके बाद श्रीराम ने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया तो वह खंडित हो गया। धनुष टूटने की सूचना मिलने पर महाक्रोधी मुनि परशुराम स्वयंवर सभा में पहुंचे। इस दौरान लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखे संवाद हुए। इस अवसर पर कमेटी प्रधान रविंद्र फोगाट, संरक्षक रिंपी फोगाट, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार बंसल, महासचिव संदीप फोगाट, डायरेक्टर पुरुषोत्तम सोनी, रोशन जांगड़ा, कथा वाचक राजेश खजांची, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।


बहल में दशरथ-कैकयी संवाद का मंचन

बहल। श्री रामलीला नाट्य कला केंद्र की ओर से आयोजित रामलीला में सोमवार को सीता विदाई, कैकयी-मंथरा संवाद और दशरथ-कैकयी संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी ने महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। राजा दशरथ की भूमिका में सुभाष महमिया ने सशक्त अभिनय और सधी हुई संवाद अदायगी से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। सीता विदाई के प्रसंग में राजा जनक की पुत्री सीता को विदा करने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। बेटी को विदा करते समय पिता के मन में उठने वाली भावनाओं और परिवार से बिछड़ने की पीड़ा को कलाकारों ने मार्मिक ढंग से दर्शाया। मंथरा ने कैकयी को अपनी बातों में लेकर राजमहल के माहौल को बदलने का प्रयास किया। इस संवाद के माध्यम से रामकथा के उस निर्णायक मोड़ को दर्शाया गया, जहां अयोध्या में खुशियों के बीच वनवास की परिस्थितियां बनने लगती हैं। मंथरा की भूमिका में सुरेश बागड़ी और कैकयी के किरदार में राजू राणा ने अपने अभिनय से प्रसंग को जीवंत बनाया।

प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा और त्याग का देता है संदेश : रामझूलन

- राम से बड़ा राम का नाम : संत रामझुलन दास महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पूजा अर्चना करवा कर श्री राम कथा शुरू करवाते हुए।

छोटी काशी भिवानी के दादरी गेट राजश्री बैंकेट हाल में अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के तत्वावधान में अशोक बुवानीवाला परिवार की तरफ से आयोजित रामकथा के कथा के दूसरे दिन शुरुआत में आरती व श्री राम की पावन स्तुति की गई। कथा वाचक पूज्य संत रामझूलन दास महाराज ने कहा कि श्री रामचरित मानस एक सरोवर है, जिसके चार घाट हैं। वहीं रामकथा सभी संशयों को दूर भी करती है। भगवान श्रीराम का जीवन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग, सत्य, कर्तव्य, सेवा और आदर्श जीवन का संदेश देता है। इस मौके पर समाजसेवी पूनम अग्रवाल, प्रीतम अग्रवाल, बाबू राम आर्य, बालकिशन अग्रवाल, नरेश लिखा, भानुप्रकाश शर्मा, प्रेम धमीजा, रिसाल सरपंच, सुरेश अरोड़ा पूर्व पार्षद, घनश्याम दास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भिवानी में सजी प्रभु श्रीराम की लीला भक्ति और संस्कृति के रंग में रंगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा की काशी भिवानी में प्रभु श्रीराम की लीलाओं का भव्य मंचन शुरू होने के साथ ही वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्री अग्रसेन रामलीला कमेटी (रजि.), भिवानी की ओर से संपूर्ण रामलीला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया गया। रेलवे रोड स्थित सेठ किरोड़ीमल पार्क में आयोजित किए जा रहे इस 11 दिवसीय महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति, भारतीय संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। रामलीला का मंचन प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से 20 अक्तूबर तक किया जाएगा। विधायक सर्राफ ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर कमेटी के महासचिव अधिवक्ता अजय सर्राफ, सह संयोजक प्रवीण गर्ग, उप प्रधान पवन भरतिया व सुरेश डब्बेवाला, कोषाध्यक्ष मामनचंद अग्रवाल तथा सदस्य पवन बुवानीवाला, मुरालीलाल तौला, विनोद गोयल, प्रमोद मिंडूका आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भगवद्गीता जीवन जीने का कला-शास्त्र

भिवानी। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गीता ज्ञान संस्थान कुरुक्षेत्र में मन जीता-जीवन जीता, श्रीमद्भगवद्गीता और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद भिवानी लौटे जीओ गीता मेडिकल विंग के राज्य सचिव डॉ. विनोद अंचल ने बताया कि कार्यक्रम में नीमा शिष्टमंडल के चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. अंचल ने कहा कि सम्मेलन में सीखे सिद्धांतों के आधार पर सभी चिकित्सक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर आमजन को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्थिरता बनाए रखने में श्रीमद्भगवद्गीता की भूमिका के प्रति जागरूक फैलाएंगे। श्रीमद्भगवद्गीता केवल पवित्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने का अद्भुत एवं वैज्ञानिक कला-शास्त्र है। कार्यक्रम में डॉ. एमके जायसवाल, डॉ. बीएस गुप्ता, डॉ. महेश कौशिक, डॉ. सुरेन्द्र भारद्वाज, डॉ. नवीन अंचल, डॉ. उमेश भारद्वाज, डॉ. रहीस, डॉ. अंकुर गिरधर, डॉ. कमल गिल्होत्रा, डॉ. विजयपाल आर्य, डॉ. दिनेश गौड आदि मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। मूर्ति स्थापित करवाते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि।

रामबाग में शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की

बवानीखेड़ा। शहर के बायपास मार्ग पर राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने स्थित रामबाग (स्वर्ग आश्रम) में सोमवार को शिव परिवार की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में नपा प्रधान सुंदर अत्री और मार्केट कमेटी के अध्यक्ष राजू हंस पहुंचे। समिति के सदस्यों और शहरवासियों के सहयोग से हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें पंडित सतीष कुमार ने मंत्रोचारण किया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिव परिवार की मूर्ति स्थापना में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि संसार नश्वर है और मनुष्य इस दुनिया से कुछ भी लेकर नहीं जाता। इस अवसर पर ओमप्रकाश चुघ, बिशन दास मेहता, भूषण कक्कड़, संजय मेहता, प्रवीण अत्री, बिट्टू मेहता, सतपाल गक्खड़, मास्टर राजेश कुमार, दीवान मेहता, जगदंबा मेहता, प्रेम ठकराल, सरदार अमर सिंह, विकास मेहता, रमन बैग वाला, घमंडी हंस आदि मौजूद रहे।

धार्मिक व सामाजिक झांकियों ने मोहा मन

भिवानी। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत शहर में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर में निकाली गई शोभायात्रा में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संदेशों को दर्शाती मनमोहक झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। करीबन दो किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा में अनेक महिलाएं, बच्चें, बुजुर्ग व युवा शामिल रहे तथा नाचते-गाते हुए शोभा यात्रा में शामिल रहे। कार्यक्रम में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस भव्य एवं आकर्षक भगवान शंकर की अघोरी यात्रा, गंगा जी की आरती, नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की झांकी, रामलला की प्रतिमा, भारत माता की झांकी, भगवान श्रीगणेश की झांकी सहित अनेक झांकियां निकाली गई।



भिवानी। शहर में जयंती अवसर पर शोभायात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि



चरखीदादरी। शोभा यात्रा में निकाली गई झांकी।

महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

चरखी दादरी। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को अग्रवाल सभा चरखी दादरी की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, सेवा और सहयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के प्रधान कैलाश चंद रिटोलिया ने की। माल्यार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद आदमपुरिया ने की। इस अवसर पर वैश्य एजुकेशन सोसायटी के पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह गुप्ता, रामकुमार रिटोलिया, रविन्द्र सिलगर, लक्ष्मी चंद बधवानिया और विकास गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शोभायात्रा महाराजा अग्रसेन द्वार से शुरू होकर अनाज मंडी, आश्रम रोड, काठ मंडी, आदर्श धर्मशाला पंजाबी सभा आदि स्थानों से होते हुए वैश्य वमावि में संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से प्रस्तुत आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में नगर पार्षद नवीन जिंदल, नितिन बंसल और सुमन गोयल सहित बार एसो. के कोषाध्यक्ष मोनू अग्रवाल को सम्मानित किया।



सेपक टकरा में भिवानी की टीम ने जीते छह पदक

भिवानी। हरियाणा सेपक टकरा एसोसिएशन के तत्वाधान में चरखी दादरी में हुई 23वीं सीनियर हरियाणा राज्य सेपक टकरा प्रतियोगिता में भिवानी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर ओवरऑल रनर-अप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।भिवानी के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन कर छह पदक अपने नाम किए, जिनमें दो स्वर्ण, तीन रजत व एक कांस्य पदक शामिल हैं।महिला टीम कोच सुरेन्द्र प्रजापति और पुरुष टीम कोच संदीप ने बताया कि पुरुष वर्ग के रेगू इवेंट विकास बापोड़ा, अरुण बापोड़ा, प्रशांत देवसर, अक्षय व रोहित भिवानी ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं क्वाड इवेंट में राकेश कितलाना, प्रशांत देवसर, विकास, अरुण, धर्मेन्द्र व आदेश बापोड़ा ने रजत पदक हासिल किया। डबल इवेंट में राकेश कितलाना, विकास बापोड़ा और प्रशांत देवसर की तिकड़ी ने शानदार समन्वय दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग के रेगू इवेंट में भतेरी, रिया, हिमानी कितलाना, मानसी व अंजलि गौरीपुर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता।

गांव की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं इशिका: सरपंच राजेश

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता इशिका का प्रेमनगर में अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। स्वर्ण पदक विजेता ईशिका का अभिनंदन करते खेलप्रेमी।

एशियन खेलों में देश का नाम रोशन करते हुए स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की होनहार खिलाड़ी और भिवानी जिले की बेटी इशिका सभ्रवाल का गांव प्रेमनगर के हॉकी ग्राउंड पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके पिता सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी वीरेंद्र सिंह और खेल गुरु मास्टर सतबीर रतेरा का विशेष रूप से स्वागत किया। समारोह का आयोजन गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ हुआ। अंबेडकर सभा प्रेमनगर ने विशेष रूप से इशिका को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाएं समर्पित कर उनका नागरिक अभिनंदन किया। प्रेमनगर के सरपंच राजेश बूरा ने कहा कि इशिका सभ्रवाल ने स्वर्ण पदक न कि जीतकर देश का नाम गर्व से ऊंचा किया है। इस अवसर पर राजकुमार दुहन, आजाद सिंह, कैप्टन कलम सिंह, दलबीर गोठवाल, जयबीर बरवर, राजकुमार धानिया, जोगिंदर प्रधान, कुलवंत बूरा, दिलबाग, ईश्वर दहिया, संदीप फौजी, रमेश कोच, संदीप दुहन व मंजीत घोघलिया आदि मौजूद रहे।

पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी इशिका को किया सम्मानित

भिवानी। हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी एवं एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सुश्री इशिका सांभ्रवाल के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार राणा ने इशिका सांभ्रवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनकी शानदार खेल उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार राणा ने पारंपरिक हरियाणवी रीति-रिवाज के अनुसार सुश्री इशिका सांभ्रवाल को पगड़ी पहनाकर तथा ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी असाधारण खेल उपलब्धि, मेहनत, अनुशासन और भारतीय हॉकी में उनके योगदान के प्रति बैंक के आदर एवं गौरव का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि इशिका सांभ्रवाल की सफलता मेहनत, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर संघर्ष का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनकी उपलब्धि ने हरियाणा सहित पूरे देश को गौरवान्वित किया है तथा युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम के दौरान सुश्री इशिका सांभ्रवाल ने अपनी खेल यात्रा, संघर्ष, अभ्यास, उपलब्धियों और यादगार अनुभवों को साझा किया। उन्होंने अपनी सफलता के माध्यम से यह संदेश दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से चुनौतियों को अवसरों में बदला जा सकता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक अमित एवं राकेश कुमार, प्रबंधक मनजीत, बैंक के सेवानिवृत्त एमपी कौशिक, जीडी शर्मा एवं पदम सिंह तंवर तथा सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।





चरखीदादरी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

चरखी दादरी की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

चरखी दादरी। गांव बिरही कलां स्थित स्कॉलर वर्ल्ड स्कूल में आयोजित 23वीं सीनियर हरियाणा राज्य सेपक टकरा प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में दादरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। भिवानी की टीम उपविजेता और महेंद्रगढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में रामकिशन पैंतावास कलां और स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान कुलदीप ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेच्योर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ चरखी दादरी के प्रधान एवं आयोजक चेयरमैन संत कुमार तथा स्कूल निदेशक बिजेंद्र सांगवान ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन एसोसिएशन के सह सचिव दशरथ रंगा मानहेरू ने किया। हरियाणा सेपक टकरा एसोसिएशन के महासचिव शमशेर सिंह सरोहा और आयोजक सचिव सुनील बंगालिया ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के रेगु इवेंट के पुरुष वर्ग में भिवानी ने पहला और चरखी दादरी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महेंद्रगढ़ और सोनीपत संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में चरखी दादरी की टीम प्रथम, महेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान पर रहीं।

खबर संक्षेप

गीत अर्जुना फाउंडेशन ने शुरू किया सिलाई केंद्र

चरखी दादरी। गीत अर्जुना फाउंडेशन की ओर से प्रोजेक्ट उड़ान के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई केंद्र शुरू किया गया। इस अवसर पर आयोजित दंत चिकित्सा शिविर में 50 लोगों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सिलाई केंद्र का शुभारंभ दंत चिकित्सक नेहा टूटेजा ने किया।

रजत फौगाट ने कॉलेज पहुंच लिया आशीर्वाद

चरखी दादरी। गांव ढाणी फौगाट निवासी रजत फौगाट ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। रजत फौगाट दिल्ली विवि. स्थित अपने पुराने शिक्षण संस्थान हंसराज कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. रमा शर्मा से मुलाकात की और उन्हें मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।



डॉ. मनीषा ने सुजीत को किया सम्मानित

चरखी दादरी। कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने गांव इमलोटा पहुंचकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान सुजीत कलकल को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पहलवान सुजीत को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही 51 हजार रुपये की सम्मान राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. मनीषा सांगवान ने सुजीत कलकल की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजू मान को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

चरखी दादरी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान को पुलिस ने उनके दादरी स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया।

राहुल गांधी और कांग्रेस के दोहरे रवैये पर उठाए सवाल

महिला सम्मान के मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस के खिलाफ हल्ला बोल

भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल से जुड़े महिला विरोधी आचरण के आरोपों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने भिवानी में कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दादरी गेट से कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन तक निकाले गए प्रदर्शन में महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिला सम्मान के मुद्दे पर पार्टी की जवाबदेही को लेकर सवाल उठाए। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

भाजपा जिला महामंत्री रेखा राघव ने कहा कि कांग्रेस सांसद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल से जुड़े मामले में कांग्रेस की भूमिका और पार्टी स्तर पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में उनकी पार्टी का मापदंड क्या है। एक तरफ महिला अधिकारों की बात करना और दूसरी तरफ अपनी ही पार्टी से जुड़े मामलों में कार्रवाई को लेकर सवाल उठना कांग्रेस के दोहरे रवैये को दर्शाता है। भाजपा जिला सचिव सोनिया अत्री ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और स्वाभिमान किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। महिलाओं से जुड़े गंभीर आरोपों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।



भिवानी। कांग्रेस सांसद के महिला विरोधी आचरण के विरोध में प्रदर्शन करती भाजपा की महिला विंग। *फोटो: हरिभूमि*

गरिमा से समझौता करने की आवश्यकता नहीं

भाजपा जिला सचिव सुशीला देवी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर राजनीतिक दलों को दोहरे मापदंड नहीं अपनाने चाहिए। जिला सचिव पिंकी नागर ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों और सम्मान के लिए किसी के सामने अपनी गरिमा से समझौता करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। जिला महामंत्री सुनीता जाटू लुवारी ने कहा कि महिला आरक्षण और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता उनके फैसलों से सामने आती है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रेखा राघव, जिला सचिव सोनिया अत्री, सुशीला देवी,पिंकी नागर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुनीता जाटूलुवारी, सीमा बंसल, पूर्व जिला सचिव आरती शर्मा और रेशमा सहित अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



चरखी दादरी। रोष प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी।

राहुल गांधी की चुप्पी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

चरखी दादरी। भाजपा महिला मोर्चा ने एक कांग्रेस सांसद पर लगे कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों और मामले में राहुल गांधी की चुप्पी के विरोध में सोमवार को दादरी में प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता फोगाट के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय कमलम से गांधीनगर मिनी बाईपास चौक तक विरोध यात्रा निकाली गई। यहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार, जिला महामंत्री रविंद्र सिलगर, जिला उपाध्यक्ष जगदीश फोगाट और महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सीमा रानी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने मामले में कांग्रेस नेतृत्व से अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग की। सुनीता फोगाट ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय से जुड़े मामलों में राजनीतिक नेतृत्व को जिम्मेदारी निभानी चाहिए। ऐसे संवेदनशील मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान स्नेहलता, आशा, विद्या, ममता शर्मा, प्रेमचरण, सीमा फोगाट, सुनीता, नीलम, कविता, सरोज, एकता और सुनीता शर्मा सहित महिला मोर्चा की अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



तोशाम। मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

तोशाम में मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

- एसयूसीआई ने 'एसआईआर की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने सोमवार को तोशाम में सुरेन्द्र चौक पर रोष जताते हुए प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। उन्होंने 'लोकतांत्रिक मानदंडों और कायदे-कानूनों को धत्ता बताते हुए एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची से 13 करोड़ लोगों का नाम काटने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करो', 'काटे गए 13 करोड़ लोगों के नाम अविलंब मतदाता सूची में शामिल करो', 'एसआईआर की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाओ' आदि नारे लगाए। इस दौरान पुतला दहन के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि /"23 सितंबर 2026 को 'इंडियन एक्सप्रेस' द्वारा एसआईआर के बारे में किये गए खुलासों से आम जनता और खासकर लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के बीच चुनाव आयोग की ईमानदारी और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

एकतरफा फैसले लिए

इससे यह बात बेशक साफ हो गई है कि तीन में से दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के अलग-अलग पहलुओं पर आपत्तियां दर्ज करायी थीं, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के पक्ष में और अलग-अलग राज्यों में उसकी चुनावी जीत पक्की करने के इरादे से सभी नियमों का उलंघन कर एकतरफा फैसले लिये। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों पर फासीवादी हमला है। इस मौके पर पार्टी के जिला कमेटी सदस्य बस्ती राम ने कहा कि आज देश में विरोध करने के अधिकार पर भी हमला हो रहा है। पूरे देश को जेल में तब्दील किया जा रहा है। दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को अविलम्ब रिहा करने की मांग की। महेन्द्र सिंह कटारिया ने कहा कि चुनाव आयोग का काम है चुनाव के दौरान कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए, इसकी गारंटी करना। मतदाता सूची से नाम हटाना और नाम जोड़ना यह एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

सुजीत कलकल को सम्मानित किया

- युवा कल्याण संगठन ने एशियन गेम्स के पदक को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

युवा कल्याण संगठन की ओर से रोज गार्डन में एशियाई खेलों में कुश्ती का स्वर्ण पदक जीतने वाले सुजीत कलकल को सम्मानित किया। संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने उन्हें पगड़ी, फटका और स्मृति चिह्न भेंट कर जीत की बधाई दी। कमल सिंह प्रधान ने कहा कि सुजीत कलकल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है और दादरी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने मांग की कि भिवानी में जल्द खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया जाए।



चरखी दादरी। सुजीत कलकल को सम्मानित करते कमल प्रधान व अन्य।

आधुनिक स्टेडियम बनाए जाएं

पदक विजेता खिलाड़ियों के गांवों में आधुनिक स्टेडियम बनाए जाएं तथा जर्जर स्टेडियमों का सुधार करवाया जाए। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए कोच की व्यवस्था और खिलाड़ियों का सम्मान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अनिल शेषमा, नवीन प्रताप तंवर एडवोकेट, दुष्यंत कलकल, अजमेर खासा, संजय राव, हरेंद्र ढांडा, कैप्टन डिगराम, रामबीर शर्मा और अनिल प्रधान सहित युवा कल्याण संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी

लोहारू। सोमवार को गांव ढिगावा और पहाड़ी में सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि कृष्ण मान शिविरों में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने स्टॉलों का अवलोकन किया। सेवा सेतु शिविरों में हरियाणा अनुसूचित जाति एवं वित्त तथा विकास निगम, हरियाणा कौशल विकास मिशन, बागवानी विभाग, हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए और लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्टालों में पात्रता की शर्तों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

सांसद ने किया ट्यूबवेल का उद्घाटन

- धारेडू में बिछेगी स्वच्छ पानी के लिए बिछेगी लाइन: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लोकसभा के सांसद धर्मबीर सिंह गांव धारेडू पहुंचे। उन्होंने गांव के श्याम कुंड में 760 फीट गहरे ट्यूबवेल का उद्घाटन किया साथ ही गांव को पीने का स्वच्छ पानी मिले इसके लिए पाइप लाइन बिछाने की बात कही। सांसद ने ग्रामीणों को देश में बढ़ रही बीमारियों को रोकने के लिए प्राकृतिक खेती की जाने की भी सलाह दी। सांसद ने श्याम कुंड में 750 फीट गहरे ट्यूबवेल का उद्घाटन किया साथ ही गांव के निवासियों के पीने के पानी के लिए पाइप लाइन बिछाने की घोषणा की। उन्होंने कहा की हर घर स्वच्छ पानी मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। इस मौके पर प्रधान रामफल पूर्व प्रधान भाना राम, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार, राजकुमार शर्मा, सचिव नरेंद्र, चंदन नंबरदार आदि मौजूद रहे।



भिवानी। बड़े ट्यूबवेल जनता को समर्पित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

बेटियों के लिए चलेगी विशेष बस

ग्रामीणों ने सांसद धर्मबीर सिंह को बताया की लड़कियों को कॉलेज जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने आश्वासन दिया की बेटियों के लिए विशेष बसो को चलवाया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्कूल के समय भी विशेष तौर पर बसे चले इसकी व्यवस्था की जाएगी।

महिला महाविद्यालय में अपशिष्ट प्रबंधन और कम्पोस्टिंग पर किया जागरूक

चरखी दादरी। महिला महाविद्यालय झोझू कलां में सेवा संकल्प अभियान के तहत अपशिष्ट प्रबंधन एवं कम्पोस्टिंग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और कचरे के उचित निस्तारण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्रपाल ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी आदतें अपनानी चाहिए। प्राचार्य डॉ. राज पाल राठी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

पशुपालन विभाग ने 37 गायों की जान बचाई

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के सख्त आदेश व आमजन से की गई अपील ने पितृ अमावस्या पर जिलेभर में अनेक गायों का जीवन बचाने का काम किया है। नगर परिषद प्रशासन, गोभक्तों व आमजन की मुस्तैदी के साथ-साथ पशुपालन विभाग द्वारा महम रोड स्थित गोशाला में 37 गायों की जान बचाई गई है। पशुपालन विभाग के अनुसार जागरूकता के कारण अबकी बार पिछले साल की तुलना में गायों की मौत कम हुई है। गोशाला में अभी भी करीब आधा दर्जन गायों का उपचार चल रहा है, जो खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। वहीं पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने सभी पशु चिकित्सकों का अवकाश रद्द किया। विभाग ने आठ-आठ घंटे ड्यूटी के लिए नौ टीमों का गठन किया।

श्रीराम पब्लिक स्कूल में ओलम्पियाड शुरू

- विजेताओं को मिलेंगे लैपटॉप, टैबलेट व साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

कान्हड़ा स्थित श्री राम पब्लिक स्कूल में सोमवार को श्री 2027 ओलम्पियाड (श्री राम एग्जाम ऑफ एक्सीलेंस) का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पंडित ललित नारायण शास्त्री ने मंत्रोच्चारण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस शैक्षणिक प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानने, बौद्धिक क्षमता विकसित करने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। प्राचार्य अमित जाखड़ ने बताया कि ओलम्पियाड में कक्षा दूसरी से 11वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।



चरखी दादरी। ओलम्पियाड शुभारंभ अवसर पर मौजूद स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

परीक्षा 12 जनवरी 2027 को होगी

प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक सोच, विषय संबंधी समझ और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को परखने का प्रयास किया जाएगा। परीक्षा 12 जनवरी 2027 को आयोजित होगी। इसमें भाग लेने के लिए 149 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को लैपटॉप, दूसरे स्थान पर रहने वाले को टैबलेट और तीसरे स्थान के विजेता को साइकिल दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी को उपहार स्वरूप घड़ी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मंजू सांगवान, प्राथमिक विभाग प्रमुख सुखदीप, गतिविधि प्रभारी सोनू थालोर, परीक्षा प्रभारी वीरेंद्र भाम्भू सहित चारों सदनों के प्रभारी, छात्र कप्तान और शिक्षक मौजूद रहे।



फायर स्टेशन का निर्माण जल्द करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

तोशाम। तोशाम में स्वीकृत फायर स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि तोशाम में फायर स्टेशन को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं है। फायर स्टेशन न होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आगजनी जैसी आपातकालीन घटनाओं के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना था कि यदि फायर स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाता है तो क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा आगजनी की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जल्द से जल्द फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग करते हुए एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम के प्रधान सन्दीप पंघाल, संजय नाफरीया, नीरज शर्मा, हिमांशु, दिनेश, राजेश, मनोज, सदानंद आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

कार्यस्थल पर मानवीय जीवन की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता: सचिव प्रदीप

चालकों, परिचालकों व सहायकों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक गुर सिखाए

- रेडक्रॉस सोसायटी ने कर्मियों को दिया प्राथमिक सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा औद्योगिक इकाइयों एवं शिक्षण संस्थानों में आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा को लेकर जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में हलवासिया विद्या स्कूल में स्कूल के चालकों, परिचालकों, सहायकों व सुरक्षाकर्मियों के लिए एक दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि किसी भी कार्यस्थल पर मानवीय जीवन की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।



भिवानी। कर्मचारियों को प्राथमिक सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण देते जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

सीपीआर की जानकारी

आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दी गई प्राथमिक चिकित्सा किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को इस बुनियादी तकनीक की जानकारी होना बेहद जरूरी है। शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने उपस्थित स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक गुर सिखाए। उन्होंने कार्यस्थल पर अचानक होने वाले हादसों, चोट लगने, बेहोशी, जलने तथा अचानक दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में तुरंत दी जाने वाली प्राथमिक सहायता और सीपीआर की बारीकियों का सीधा प्रदर्शन करके समझाया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्राचार्य दीपक वशिष्ठ एवं ट्रांसपोर्ट इंचाज मनोज शर्मा ने रेडक्रॉस सोसायटी की जनहितैषी पहल की सराहना की। इस दौरान कर्मचारियों ने सीखने में विशेष रुचि दिखाई।

जनता कॉलेज में छात्रों को मानसिक चुनौतियों से निपटने के उपाय बताए

चरखी दादरी। जनता कॉलेज में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार गठित नेशनल टास्क फोर्स फॉर मेंटल हेल्थ के तत्वावधान में 'भारत के युवा एवं मानसिक स्वास्थ्य' पर विस्तार व्याख्यान आयोजित करवाया। मानव विकास अभियान के संयोजक एवं मनोविशेषज्ञ प्रोफेसर सज्जन सिंह ढिल्लों ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। प्रोफेसर सज्जन सिंह ढिल्लों ने सरल भाषा में मानसिक प्रक्रियाओं को समझाते हुए रोजमर्रा की मानसिक चुनौतियों से निपटने के उपाय बताए और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।